| |
|---|
| दिनांक 25.12.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 49/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद मऊ/थाना रामपुर

- **50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध पिस्टल मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 24.12.2025 को थाना रामपुर, थाना कोतवाली नगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नरही बांध के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त गौरव को गिरफ्तार किया गया एवं एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध पिस्टल मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मऊ, बलिया के विभिन्न थानो में डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है, गिरफ्तार अभियुक्त थाना रामपुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–गौरव निवासी सिउरी थाना भीमपुरा जनपद बलिया।

**बरामदगी**

1–01 अवैध पिस्टल मय जीवित कारतूस।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना साइबर क्राइम

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 लैपटॉप, 01 सीपीयू, 01 मॉनीटर, बॉयोमैट्रिक डिवाइस, 01 प्रिन्टर, 07 चेकबुक, 14 पासबुक आदि बरामद**

दिनांक 25.12.2025 को थाना साइबर क्राइम व स्वाट टीम देहात की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–आकाश कुमार

सहित अभियुक्त 2–अजय कुमार 3–सचिन कुमार 4–रोचित कुमार 5–निर्भय 6–अनिकेत कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 02 लैपटॉप, 01 सीपीयू, 01 मॉनीटर, बॉयोमैट्रिक डिवाइस, 01 प्रिन्टर, 07 चेकबुक, 14 पासबुक आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त आकाश कुमार शातिर किस्म का अपराधी हैं, जो थाना साइबर क्राइम पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध मे थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आकाश कुमार निवासी सिंह बिल्डिग मटेरियल स्टोर के पास शिकारपुर रोड, मौहल्ला टाडा थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

2–अजय कुमार निवासी यमुनापुरम थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर।

3–सचिन कुमार निवासी ग्राम हीरापुर थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर।

4–रोचित कुमार निवासी आवास विकास द्वितीय थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर।

5–निर्भय निवासी एलआईजी 290 आवास विकास द्वितीय थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर।

6–अनिकेत कुमार निवासी सिंह बिल्डिग मटेरियल स्टोर के पास शिकारपुर रोड, मौहल्ला टाडा थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–02 लैपटॉप, 01 सीपीयू, 01 मॉनीटर, बॉयोमैट्रिक डिवाइस, 01 प्रिन्टर, 07 चेकबुक, 14 पासबुक आदि।

## जनपद मेरठ/थाना जानी

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 24.12.2025 को थाना जानी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गंगनहर पटरी से भूपगढ़ी की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते के पास से पुलिस कार्यवाही

में पुरस्कार घोषित अभियुक्त शिवा राणा घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना जानी पर पंजीकृत हत्या के अभियोग में वॉछित चल रहा है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना जानी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–शिवा राणा निवासी के0 ब्लाक शास्त्रीनगर थाना नौचंदी जनपद मेरठ।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की 01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## <u>जनपद बुलन्दशहर/थाना डिबाई</u>

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 25.12.2025 को थाना डिबाई पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खरकवारी बॉर्डर के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त जीशान को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना डिबाई पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना डिबाई पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–जीशान निवासी ग्राम भूरे का नंगला थाना सासनी जनपद हाथरस।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना खतौली

**• लूट की घटना का अनावरण**

**• पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**

**• लूट के पीली–सफेद धातु के आभूषण**

**• लूट के 01 लाख 58 हजार रूपये नगद**

**• 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**

**• घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 25.12.2025 को थाना खतौली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गंग नहर, लोहे के पुल के पास मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–मुसीर 2–कासिफ घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के पीली–सफेद धातु के आभूषण, लूट के 01 लाख 58 हजार रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 05.12.2025 को थाना खतौली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना खतौली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया आदि लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना खतौली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मुसीर निवासी लद्दावाला थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर।

2–कासिफ निवासी लद्दावाला थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1–लूट के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–लूट के 01 लाख 58 हजार रूपये नगद।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

**जनपद सोनभद्र/थाना साइबर क्राइम**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **08 लाख 40 हजार रूपये नगद**
- **02 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 24.12.2025 को थाना साइबर क्राइम व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1–अरूण कुमार 2–सतीश कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 08 लाख 40 हजार रूपये नगद, 02 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो शादी के इन्विटेशन कार्ड के नाम पर एपीके फाइल भेजकर उनका खाता हैक कर धोखाधड़ी की घटना कारित की जाती है।

इस सम्बन्ध में थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अरूण कुमार निवासी धराव थाना धानापुर जनपद चन्दौली।

2–सतीश कुमार निवासी मधुपुर थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र।

**बरामदगी**

1–08 लाख 40 हजार रूपये नगद।

2–02 मोबाइल फोन आदि।

- **<u>जनपद शामली (गैंगेस्टर एक्ट में लगभग 30 करोड़ रूपये कीमत की सम्पत्ति कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही)</u>**

जनपद शामली पुलिस ने अभियुक्त फिरोज खान पुत्र अजीम खान निवासी मोहल्ला पठानान कस्बा व थाना झिंझाना जनपद शामली द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी चल/अचल सम्पत्ति कीमत करीब 30 करोड़ रू0 को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी गयी।

——————